Date :- 08-06-2025
Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

**सिटी एंकर**

### लाइन-1 व लाइन-2 के लिए ट्रैक बिछाने का ₹300 करोड़ के ठेके दिए

# मेट्रो प्रोजेक्ट की दोनों लाइन का 57% सिविल वर्क पूरा, राही इंफ्राटेक व आरवीएनएल बिछाएगी रेल ट्रैक

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का सिविल वर्क तेजी से चल रहा है। अब तक दोनों लाइन में कुल 57 फीसदी कार्य हो चुका है। गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (GMRC) ने दोनों लाइन-1 (सरथाणा से ड्रीम सिटी) और लाइन-2 (भेसाण से सारोली) पर ट्रैक बिछाने का ठेके दे दिया है। इससे प्रोजेक्ट को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। लाइन-2, जो 19.26 किलोमीटर लंबा पूरी तरह एलिवेटेड कॉरिडोर है, पर ट्रैक बिछाने का कार्य राही इंफ्राटेक को सौंपा है। इस कॉरिडोर को दो हिस्सों भेसाण से मजूरा गेट (10.56 किमी) और मजूरा गेट से सारोली (8.7 किमी) में बांटा गया है। कंपनी को बैलास्टलेस ट्रैक डिजाइन से लेकर इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग तक की जिम्मेदारी दी गई है। यह कार्य करीब 136.66 करोड़ की लागत से होगा। जबकि लाइन वन पर ट्रैक बिछाने का काम आरवीएनएल को सौंपा गया है।

**02** कॉरिडोर शहर को जोड़ेंगे
**20** स्टेशन लाइन-1 में शामिल
**18** लाइन-2 पर बनेंगे
**166** करोड़ लाइन-1 खर्च
**136** करोड़ लाइन-2 लागत



### ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर बनाएंगे

लाइन-1, जो सरथाणा से ड्रीम सिटी तक 22.77 किमी लंबा कॉरिडोर है, उस पर ट्रैक बिछाने का कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) और ICS की जॉइंट वेंचर कंपनी को मिला है। इस प्रोजेक्ट की लागत 166 करोड़ होगी और इसमें 20 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। अब तक दोनों लाइनों का करीब 57% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया शुरू होते ही ट्रेन ट्रायल और ऑपरेशनल प्लानिंग की तैयारियां भी तेजी से शुरू हो जाएंगी।